# नगर निगम मुरादाबाद

# ई–पत्रिका

## नागरिक

## ई–पत्रिका

प्रधान सम्पादक
श्री संजय चौहान
(नगर आयुक्त)

सहायक सम्पादक
त्रिलोक नाथ मिश्र
(प्रभारी स्मार्ट सिटी/लेखाकार/प्रभारी कम्प्यूटराईज़ेशन)

संयोजक मण्डल
श्री गम्भीर सिंह
(सहायक नगर आयुक्त/प्रभारी वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी)

श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव
(महाप्रबंधक जल/अपर नगर आयुक्त)

श्री सुनील कुमार केसरी
(मुख्य अभियन्ता)

राकेश कुमार सोनकर
(मुख्य कर निर्धारण अधिकारी)

वाकिर रज़ा
(लेखाधिकारी)

श्री विजेन्द्र कुमार पाल
(अधिशासी अभियन्ता/पर्यावरण अभियन्ता)

संकलन/निर्देशन
अनुज कुमार
(आई0टी0 अधिकारी)

प्रष्ठ सज्जा/छायांकन
मौ0 कामरान
सहायक आई0टी0
नगर निगम, मुरादाबाद।

ई–पत्रिका में किसी प्रकार का सुझाव– **moradabadnagarnigam@gmail.com** पर ई–मेल किया जा सकता है।

## अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एवं अर्बन ट्रांसफार्मेशन (अमृत)

पेयजल व्यवस्था

मुरादाबाद के सभी नागरिको को टैप वाटर की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए 49420 घरो के लिए नये जल संयोजन का कार्य कराया जा रहा है।



सीवरेज की व्यवस्था

मुरादाबाद शहर में ज्यादातर घरो में सीवरेज कनेक्शन न होने से काफी संख्या में अस्वच्छ शौचालय है
जिनका बहाव नालों में होता रहा है।
इसे समाप्त करने के लिए 83850 नये सीवर कनैक्शन का कार्य कराया जा रहा है।

पार्को का सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण

नगर के सात पार्को के सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण की स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हो गई है। और वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। यह कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा।

सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण हेतु चयनित पार्क निम्नवत है।

- मधुबनी पार्क
- गौतमबुद्वा पार्क
- कम्पनी बाग पार्क
- शिव पार्क
- पी0टी0सी0 पार्क
- पंडित नगला पार्क
- नवीन नगर पार्क



# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

## डोर–टू–डोर–कूडा संग्रहण

- शहर के अनौपचारिक कूडा बीनने वालों को स्वच्छता मित्र के रूप में एक नई पहचान दी गई।
- 355 अनौपचारिक कूडा बीनने वालों का चिन्हीकरण करते हुये डोर–टू–डोर– कूडा संग्रहण में समायोजित किया गया।
- सभी स्वच्छता मित्रों को नये रिक्शे वितरित किये गये तथा सुरक्षा उपकरणों से संयोजित किया गया।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि कूडा घर से उठे इसके लिए कूडा उठाने वाली सभी गाडियों में जी0पी0एस0 का इंस्टॉलेशन कराया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।



## रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था

- शहर के सभी मुख्य बाजारो में दिन के साथ–साथ रात्रि में भी प्रतिदिन सफाई करायी जा रही है।
- शहर के सभी मुख्य बाज़ारो में 500 मी0 से भी कम दूरी पर गीले कूडें तथा सूखे कूडे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखवाये गये है।



## खुले में शौच मुक्त मुरादाबाद।

मुरादाबाद को खुले में शौच से मुक्त कराने के लिए उठाये गये कदम।

- 06 नये सामुदायिक शौचालय एवं 08 नये सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया।
- 34 सामुदायिक शौचालयों एवं सार्वजनिक शौचालयों का अपग्रेडेशन कराया गया।
- 33 मूत्रालयों का निर्माण कराया गया।
- 4 मोबाईल टॉयलेट लगाये गये।
- 4721 लाभार्थियों का व्यक्तिगत शौचालय बनवाये गयें।




गूगल टॉयलेट लोकेटर

- नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी 54 सार्वजनिक शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों की गूगल मैपिंग करायी गयी।
- किसी नागरिक के द्वारा इस ऐप पर नजदीकी सार्वजनिक शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों की लोकेशन प्राप्त की जा सकती है।



# मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की पुत्रियो की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत मुरादाबाद पंचायत भवन के प्रांगण मे इस महत्वकांक्षी योजना के अन्तर्गत 108 जोडो के विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यालय में नव दम्पत्ति को शुभाशीष देने के लिए राज्य मंत्री, श्रीमती गुलाब देवी, श्री चेतन चौहान, सांसद सर्वेश कुमार, श्री जयपाल सिंह व्यस्त व नगर के सम्मानित जन के लोग व समस्त अधिकारी सम्मलित हुये।










इस अवसर पर माननीय कल्याण मंत्री श्रीमती गुलाबो देवी जी ने विवाहित नव दम्पत्तियो को प्रमाण पत्र व सरकार की ओर से दिये जाने वाले बीस हजार रूपये आर्थिक मदद का चैक व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2019

स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के तहत महानगर में स्वच्छता सर्वे करने पहुची टीम ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में मुरादाबाद को 195 राष्ट्रीय स्तर पर रैंक हासिल हुई। इसी के साथ 02 मार्च, 2019 को क्यू0सी0आई0 द्वारा मुरादाबाद महानगर को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया।



# स्मार्ट सिटी मिशन

मा0 मंत्री शहरी आवास व विकास श्री हरदीप पुरी जी ने स्मार्ट सिटी प्रतिस्पर्धा के चौथे चरण के परिणाम की घोषणा की जिसमें नये 9 स्मार्ट सिटी में मुरादाबाद नगर को शामिल किया गया इन सभी 9 स्मार्ट सिटी परियोजनाओ मे दो लाख तीन हजार 979 करोड रू0 का निवेश किया जायेगा इसी के साथ मुरादाबाद देश के शौ शहरो में शुमार हो गया है। यह बेहद गर्व की बात है स्मार्ट शहर से मुरादाबाद का कायाकल्प होगा।

खासकर ब्रास उद्योग से जुडे कारीगर और अन्य लोगो के लिए यह बडे तोहफे की बात है।

## –: स्मार्ट सिटी मिशन :–

आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक– K-15016/157/2015-SC-1 DATED 19-01-2018 के द्वारा स्मार्ट सिटी चैलेन्ज राउण्ड–04 के घोषित परिणाम के अनुसार मुरादाबाद का स्मार्ट सिटी प्रपोजल भारत सरकार द्वारा चयनित कर लिया गया है।

नगर के स्मार्ट सिटी प्रपोजल की कुल लागत रू0 1768.00 करोड़ तथा इसका 10 वर्षो का ओ0एण्डएम0 लागत रू0 258.00 करोड़ है। इस प्रकार प्रपोजल की लाइफटाइम लागत रू0 2026.00 करोड़ है। स्मार्ट सिटी प्रपोजल में एरियाबेस्ड प्रपोजल की कुल लागत रू0 1556.00 करोड़ तथा पैन सिटी प्रपोजल की कुल लागत रू0 202.00 करोड़ है। प्रपोजल में कनवर्जेन्स, पीपीपी तथा स्मार्ट सिटी कास्ट आदि का विवरण निम्नवत तालिका में दृष्टव्य है :–

| Project Details | Convergence (Cr.) | PPP ( Cr.) | Smart City Cost ( Cr.) | Total Cost (Cr.) |
|---|---|---|---|---|
| Total ABD Proposal | 612 | 162 | 782 | 1556 |
| Total - Pan City Proposal | 10 | 20 | 172 | 202 |
| Total - SCP Cost | **622** | **182** | **954** | **1758** |
| Project Preparation and Detail Project Report Preparation (@ 1% of Total SCP Cost) | | | 10 | |
| **Total Project Cost under Smart City Mission (Rs. Cr.)** | **622** | **182** | **964** | **1768** |

**Total O&M Cost (Cr.)** : 258
**Lifetime Cost (Cr.)** : 2026

पी0एम0सी0 हेतु IL & FS Township Urban Assets Ltd. कम्पनी का चयन कर लिया गया है। कम्पनी द्वारा अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। सम्प्रति इनके द्वारा डी0पी0आर0 तैयार किया जा रहा है।

22/4/2019

एडिशनल सी0ई0ओ0,
मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड।

## रात्रिकालीन सफाई निरीक्षण

नगर निगम मुरादाबाद क्षेत्र में नगर आयुक्त महोदय ने औचक निरीक्षण किया व क्षेत्रवासियो की समस्याओं को सुना व मौके पर कूडे के कारण चौक हुये नालो को साफ कराया गया।









## नगर निगम सीमान्तर्गत फौगिंग कार्यक्रम

नगर निगम मुरादाबाद समस्त 70 वार्डो में रोस्टर वार प्रत्येक दिवस फौगिंग कराई जा रही है।






# नगर निगम सीमान्तर्गत नाला सफाई अभियान

नगर निगम द्वारा नाला सफाई अभियान चलाकर नगर के प्रमुख बडे नालो की सफाई कराई जा रही है।










## वार्ड प्रतिस्पर्धा पुरूस्कार वितरण समारोह

नगर निगम मुरादाबाद में समस्त 70 वार्डो में वार्ड प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया और जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित भी किया गया।










## स्चछता महा रैली आयोजन

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा आयोजित स्वच्छता महारैली में मुख्य अतिथि मा0 नगर विकास मंत्री महोदय श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।






## स्चछता महा रैली शपथ समारोह


मा0 मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने स्वच्छता प्रति शपथ दिलाई।






## भवन कर–जलकर ऑनलाईन सेवाऐ

नगर निगम मुरादाबाद के भवन कर–जलकर को ऑनलाईन कर दिया गया है। जिसमें भवन स्वामी www.tax.onlinemnn.com पर जा कर हाउस नम्बर व प्रोपटी यूनिक आई0डी0 के द्वारा बिल का विवरण, बकाया, एवं जमा कर सकते है।



## नगर निगम मुरादाबाद में स्मार्ट कंट्रोल रूम की स्थापना

नगर निगम मुरादाबाद में जन निवारण शिकायत प्रणाली की स्थापना की गई जिसमें ऑनलाईन कही से भी कही पर भी घर पर रहकर भी ऑनलाईन **www.nnmpgrs.in** तथा हैल्पलाईन नम्बर– 9105900538 पर कॉल कर के अपनी समस्या की शिकायत कर सकते है।




| क्रमांक | विभाग का नाम | कुल प्राप्त शिकायते दिनांक 28.04.2019 तक | अनिस्तारित शिकायते दिनांक 28.04.2019 तक |
|---|---|---|---|
| 01 | स्वास्थ्य विभाग | 1657 | 23 |
| 02 | कर विभाग | 39 | 07 |
| 03 | निर्माण विभाग | 286 | 23 |
| 04 | पथ प्रकाश विभाग | 488 | 13 |
| 05 | रेन्ट विभाग | 58 | 12 |
| 06 | जलकल विभाग | 2191 | 63 |
| योग | | 4719 | 141 |

## नगर निगम मुरादाबाद के समस्त पम्प का ऑटोमेशन


नगर निगम मुरादाबाद के समस्त पम्पो को ऑटोमेशन कर दिया गया अब किसी भी पम्प को स्टार्ट करने के लिए एंड्रॉयड ऐप के थ्रू स्टार्ट किया जा सकता है व बंद किया जा सकता है वॉटर लेवल को चैक व विद्युत खपत को मापा जा सकता है। जिसका नगर आयुक्त महोदय द्वारा औपचारिक उद्वघाटन करते हुये शुरूआत की।



















*कार्यालय : नगर निगम मुरादाबाद।*
*टाउन हॉल बुध बाज़ार मुरादाबाद।*
*दूरभाष: 0591–2426824 । ई–मेल: moradabadnagarnigam@gmail.com*
*वेबसाईट: www.nagarnigammoradabad.in*